**प्रश्न 2.**

लेखक के अनुसार दुनिया किस पर खड़ी है

**(क)** धन और दौलत पर।

**(ख)** ज्ञान और पांडित्य पर।

**(ग)** हिंसा और अत्याचार पर।

**(घ)** धर्म और अटल आध्यात्मिक नियमों पर।

**उत्तर-**

**(घ)** धर्म और अटल आध्यात्मिक नियमों पर।

**प्रश्न 3.**

अपने अन्दर की वीरता को जगाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? उपयुक्त कथन पर सही (✓) का चिह्न लगाइए (चिह्न लगाकर):

**उत्तर-**

**(क)** हथियारों को एकत्र करना चाहिए।

**(ख)** वाद-विवाद करना चाहिए। ।

**(ग)** सच्चाई की चट्टान पर दृढ़ता से खड़ा होना चाहिए। (✓)

**(घ)** झूठी बातें करनी चाहिए।

**प्रश्न 4.**

सच्चे वीर पुरुष में कौन-कौन से गुण होते हैं?

**उत्तर-**

सच्चे वीर पुरुष में धैर्य, गम्भीरता, स्वाभिमान, साहस आदि गुण होते हैं। उनमें उच्च मनोबल, पवित्रता और सबके प्रति प्रेम की भावना होती है।

**प्रश्न 5.**

बादशाह द्वारा जान से मारने की धमकी देने पर गुलाम ने क्यों कहा?

**उत्तर-**

गुलाम ने फाँसी पर चढ़ जाने और बादशाह का तिरस्कार करने की बात कही।

**प्रश्न 6.**

शरीर पर जरा जोर से हाथ लगाने पर लोग डर के मारे अधमरे क्यों हो जाते हैं?

**उत्तर-**

लोग शरीर को जीवन का केन्द्र समझते हैं। इस कारण शरीर-रक्षा के निमित्त लोग डर के मारे अधमरे हो जाते हैं।

**प्रश्न 7.**

लेखक ने वीरों को देवदार के वृक्षों के समान क्यों कहा है?

**उत्तर-**

वीर पुरुष देवदार की तरह स्वयं पैदा होते हैं और अपने सहारे मजबूत बनकर दूसरों के काम । आते हैं। अर्थात वीर पुरुष भी देवदार की तरह बहुत उपयोगी होते हैं।

surajclasses.com